## विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष



# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में

# सशक्त-समृद्ध-सुरक्षित भारत

# नई दिशा में बढ़ता राजस्थान

**राष्ट्र-प्रथम ही मंत्र**

**लोक सेवा ही संकल्प**

**राष्ट्र-निर्माण ही मिशन**

**विरासत भी विकास भी**

**सशक्तीकरण ही सामर्थ्य**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकास को केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे जनकल्याण, सुशासन और अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं की पहुंच का माध्यम बनाया। गरीब कल्याण, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तीकरण, किसान सम्मान और सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसे क्षेत्रों में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दी है।

इन 12 वर्षों में राजस्थान ने भी विकास की नई गति प्राप्त की है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश आज ऊर्जा, निवेश, जल प्रबंधन, सड़क, पर्यटन और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय ने राजस्थान की वर्षों पुरानी चुनौतियों को अवसरों में बदलने का कार्य किया है।

एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी, जयपुर मेट्रो फेज-2, माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना, रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान की उपलब्धियां इस विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं।




**राजस्थान 12 राष्ट्रीय कार्यक्रमों योजनाओं में**

## देश में प्रथम स्थान

1. **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना :** **18 करोड़** पॉलिसियां खरीफ 2025 में तथा **1.71 करोड़** पॉलिसियां रबी 2025-26 में
2. **पीएम-कुसुम योजना (कम्पोनेंट-A):** अक्षय एवं सौर ऊर्जा स्थापना में
3. **पीएम-कुसुम योजना (कम्पोनेंट-C):** सौरकृत फीडरों की संख्या के आधार पर
4. **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025** 62,915 स्थलों पर 85 लाख प्रतिभागी
5. **अंगदान एवं प्रत्यारोपण :** वर्ष 2025 में राष्ट्रीय पुरस्कार व प्रथम स्थान।
6. **SBM (G)- स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025:** लक्षित इकाइयों के रूपांतरण में प्रथम।
7. **फिट इंडिया फ्रीडम रन 2024:** देश के 10,443 कार्यक्रमों में से 6,202 केवल राजस्थान में
8. **विकसित भारत संकल्प यात्राः** 11,209 कैंप, 5.94 लाख उज्ज्वला कनेक्शन
9. **जनजाति कल्याण एवं सशक्तीकरणः** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट
10. तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य हेतु WHO द्वारा विशेष **तम्बाकू निषेध अवार्ड** 2026
11. खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन
12. पोषण पखवाड़ा 2026 गतिविधियों में प्रथम स्थान



**विभिन्न राष्ट्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।**

**यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि राजस्थान, "विकसित भारत" की परिकल्पना को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।**

**राजस्थान में अब प्रति व्यक्ति आय**

**₹2,02,349**

**सकल राज्य घरेलू उत्पाद वृद्धि दर**

**10.24 प्रतिशत**





### सौर ऊर्जा में अव्वल : ऊर्जा आत्मनिर्भरता की मिसाल

राजस्थान आज सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ ऊर्जा विजन से प्रदेश में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को नई गति मिली है। भड़ला सोलर पार्क विश्व के सबसे बड़े सौर ऊर्जा पार्कों में शामिल है। राजस्थान की विशाल रेगिस्तानी भूमि सौर ऊर्जा उत्पादन की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। सौर ऊर्जा के विस्तार से रोजगार, निवेश और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है। यह विकसित भारत की ऊर्जा जरूरतों में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।


## प्रधानमंत्री मोदी की राजस्थान यात्राएं : विकास को मिली नई गति

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की राजस्थान यात्राओं के दौरान प्रदेश को कई ऐतिहासिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है। इन यात्राओं में ऊर्जा, सड़क, जल, उद्योग और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं का शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की क्षमता को पहचानते हुए निवेश और विकास को नई दिशा दी है। रिफाइनरी, मेट्रो, ऊर्जा परियोजनाओं और अन्य योजनाओं से प्रदेश के विकास को गति मिली है। केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय से राजस्थान विकसित भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।







### राजस्थान में सेमीकंडक्टर उद्योग : नए रोजगार की संभावनाएं

देश में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत राजस्थान में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में काम हो रहा है। राजस्थान में नई तकनीक आधारित उद्योगों के आने से युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ेंगे। सेमीकंडक्टर क्षेत्र भविष्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। यह पहल राजस्थान को आधुनिक उद्योगों के नक्शे पर मजबूत स्थान दिलाएगी।

### राजस्थान रिफाइनरी : औद्योगिक विकास की नई पहचान

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान को मिली सबसे बड़ी विकास सौगातों में पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी परियोजना प्रमुख है। लगभग 79,459 करोड़ रुपये की यह परियोजना पश्चिमी राजस्थान के औद्योगिक विकास को नई दिशा देगी। 9 मिलियन मीट्रिक टन क्षमता वाली यह रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल उद्योगों के विस्तार का आधार बनेगी। इससे बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जालौर और जोधपुर क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना राजस्थान को ऊर्जा और उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।





### रामजल सेतु : राजस्थान की जल सुरक्षा का नया अध्याय

राजस्थान जैसे जल संकट वाले प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता मिली है। रामजल सेतु लिंक परियोजना प्रदेश की जल आवश्यकताओं को पूरा करने वाली ऐतिहासिक पहल है। चंबल नदी पर बन रहा यह प्रोजेक्ट 17 जिलों के लगभग 3.25 करोड़ लोगों को पेयजल और सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगा। लगभग 2,330 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा 2,280 मीटर लंबा रामजल सेतु राजस्थान के जल भविष्य को मजबूत करेगा। यह परियोजना किसानों और आमजन के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी।

### जयपुर मेट्रो फेज-2 : आधुनिक राजस्थान की रफ्तार

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान में आधुनिक परिवहन व्यवस्था को नई गति मिली है। जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना राजधानी के विकास को नई दिशा देने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। लगभग 13,037 करोड़ रुपये की यह परियोजना जयपुर शहर की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेगी। 41 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर और 36 स्टेशनों वाली यह मेट्रो व्यवस्था यातायात को सुगम बनाएगी। यह पर्यावरण अनुकूल और आधुनिक शहरी विकास का प्रतीक बनेगी।





### यमुना जल समझौता : शेखावाटी के किसानों के लिए बड़ी सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान के जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में ऐतिहासिक पहल हुई है। यमुना जल समझौते से शेखावाटी क्षेत्र के सीकर, झुंझुनूं और चूरू जिलों को बड़ा लाभ मिलेगा। दशकों पुरानी जल समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे लगभग तीन लाख किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता राजस्थान के किसानों की समृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला कदम है।